Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-12-2021 | अंक 80

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




# चंदवारा पूर्वी में आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## सरकार की योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना मकसद : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**

झारखंड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रकर को चंदवारा पूर्वी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमा शंकर अकेला, उपायुक्त आदित्य रंजन, अपर समा. हर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदा. धिकारी मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचलाधिकारी राम रतन बरनवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शिविर में लगाये गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्य सरकार आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आपके पंचायत पहुंच आपको सीधे तौर पर योजनाओं से आच्छादित एवं समस्याओं के निराकरण करने की विशेष पहल शुरू की है। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने की अपील की। उपायुक्त आदित्य रंजन ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होते हुए कहा कि वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आधार कार्ड सुधार, राशन कार्ड , श्रम निबंधन, हेल्थ चेकअप, कोविड टीकाकरण, जमीन से संबंधित ऑनलाइन त्रुटियों का निराकरण, जमीन मापी का मामला, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि का तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित व जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेवारी हम सबों की है। इस दौरान में बने कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कर यहां के बच्चे की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रज्ञा केंद्र संचालक अजय कुमार बर्नवाल को उपायुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी कुंदन सिन्हा, डॉ विनीत कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी राम कृष्ण बाऊरी, जिला परिषद सदस्य अमृता सिंह, श्यामदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, मुखिया मो, नसीम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल, अंचल निरीक्षक दिनेश राम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारीगण

# काँग्रेस नेता सह साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साहू का शिल्पी साहू के साथ हुई सगाई।

**अपेम लाइव : बरही**

झारखंड प्रदूषण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व तिलेश्वर साहू एवं भाजपा नेत्री साबी देवी के बड़े पुत्र काँग्रेस नेत सह साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साहू ने 8 दिसंबर को शिल्पी साहू के साथ उनकी सगाई राँची में सम्पन्न हुआ। जिसे लेकर बरही विधानसभा में उत्साह का माहौल है। लोग उन्हें फोन एवं फेसबुक के माध्यम से बधाई दे रहे है। बधाई देने वालो में लालेश कुमार साहू, महेंद्र साव, बीरबल साव, हेलाल अख्तर, धीरेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, रिजवान अंसारी सहित कई लोग शामिल है।




# 12 दिसंबर को मनाया जाएगा शौर्य दिवस

**अपेम लाइव : बरही**

बरही दुर्गा मंदिर रसोईया धमना में विहिप के अगुवाई में गुरुवार शाम को बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 दिसंबर को शौर्य दिवस मनाया जाएगा। जिसको लेकर रविवार सुबह 9 बजे भामाशाह परिसर से होते हुए बरही के चारों रोड में पद संचलन किया जाएगा। उसके बाद विहिप के सभी सदस्यो को पद संचलन के लिए हज़ारीबाग़ प्रस्थान करना है। मोके पर अध्यक्ष बीरेंद्र साव, प्रो हिरामन साव, विकास कुमार, अंकित कुमार, चंदन कुमार, नीरज कुमार, लो. केश कुमार, प्रमोद कुमार यादव, राजेश रंजन, बीरेंद्र कुमार, विशाल कुमार राणा, टार्जन कुमार, राहुल कुमार, सुजल कुमार, उमेश कुमार एवं परमेश्वर प्रसाद शामिल थे।



बैठक मे उपस्थित लोग




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 10-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय ने विभिन्न गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया

### हजारी पांडे का मकान पूर्ण रूप से छतिग्रस्त, किसान भवन में रहकर कर रहे गुजर बसर

**अपेम लाइवः बरही**


क्षतिग्रस्त मकान को दिखाते डोतन पान्डेय

बरही पूर्वी सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय ने विभिन्न गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने डपोक के ग्रामीणों से भी मुलाकात किया। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती तूफान में बारिश के कारण मकान गिर जाने के कारण कई लोग बेघर हुए है। जिसमें सबसे अधिक हजारी पांडे का मकान पूर्ण रूप से छतिग्रस्त हो गया हो गया है जिससे पूरा परिवार बेघर हो गए है। वर्तमान समय में हजारी पांडे किसान भवन में रहकर गुजर बसर कर रहे है। साथ-साथ ही सुरेश राणा एवं भगिया देवी पति रामेश्वर सिंह की मकान को अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों का भी मकान क्षतिग्रस्त पाया गया। लोगों को प्रेरित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन देने को कहा। बरही पूर्वी सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय ने स्वयं जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इस संदर्भ में सूचना दी।

## महिलाओ के विकास के बिना देश का विकास संभव नही : सकलदेव यादव

### भंडारो पंचायत में आजीविका महिला मंडल की सखी सम्मेलन आयोजित

**अपेम लाइवः बरही**


सखी सम्मेलन का उद्घाटन करते मुखिया सकलदेव यादव

भंडारो पंचायत के बेहराबाद में आजीविका महिला मंडल समूह की ओर से सखी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भंडारो पंचायत के मुखिया सह प्रधान सकलदेव यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आ. जिविका महिला मंडल से जुड़ी महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह पर चर्चा की। मौके पर सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए हुए मुखिया सकलदेव यादव ने कहा कि आजीविका मिशन के तहत महिलाओ को न केवल बचत के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि स्वरोजगार से भी जोड़ने के लिए एस एच जी को वितीय पोषण कराया जा रहा है। इससे महिलाएं भी आर्थिक तौर पर मजबूत होगी। क्योंकि बिना महिलाओ के विकास के देश का विकास संभव नही है। उन्होंने पंचायत के महिलाओं को लघु एवं कुटीर उद्योग से जोड़कर आर्थिक मजबूती के लिए जोर देने की बात कही। मौके पर स्वयं सहायता समूहों को लेजर, कैशबुक सहित अन्य पंजिया वितरित की गई। मौके पर स्थानीय मुखिया सह प्रधान सकलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रयाग यादव, वार्ड सदस्य सुखदेव पांडेय, सेवनिवृत शिक्षक नरेश पांडेय , पिंटू सिंह, दिलीप पांडेय , आ. जीविका महिला ग्राम सगंठन का अध्यक्ष रिंकी देवी, सचिव बबिता देवी, कोषाध्यक्ष सरिता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### जनरल विपिन रावत को देश हमेशा याद रखेगा : श्रवण कुमार

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कॉटिल्या कोचिंग सेंटर एवं कैंब्रिज अकेडमी चंदवारा की ओर से 8 दिसंबर को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल बिपिन रावत सहित 13 भारतीय जवानों के शहीद होने के याद में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मिनट का मौन धारण किया गया। उसके उपरांत शिक्षक श्रवण कुमार ने शहीद वीर जवानों के बारे में परिचय करवाते हुवे जनरल बिपिन रावत के बारे में विद्यार्थियों को उनके जीवन शैली के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में विपिन रावत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज उनके शहिद हो जाने से ऐसा लग रहा है कि हमारे परिवार से एक सदस्य खो गया हो। शोक सभा में उपस्थित कैंब्रिज अकैडमी के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार पांडेय, डायरेक्टर अमित कुमार, राजकुमार, पिंकी मैम, कौटिल्य कोचिंग के संस्थापक बलराम सर, टिंकू कुशवाहा सर एवं भूगोल के शिक्षक श्रवण कुमार के अलावे सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित होकर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## झारखंड स्वास्थ्य मिशन द्वारा निशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : रांची**


शिविर मे स्वास्थ्य जॉच करते चिकित्सक

झारखंड स्वास्थ्य मिशन द्वारा निशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सदर थाना कोकर रांची झारखंड में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत थल सेना अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके किया गया और 1 मिनट का मौन रखा गया। सारे कर्मियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। विष्णु सोनी ने कहा कि झारखंड में प्रखंड स्तर तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करके सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छ झारखंड स्वस्थ झारखंड बनाने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य जांच शिविर में जनरल फिजि. शियन ,स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ ,नेत्र रोग विशेषज्ञ, शुगर ,वजन, ब्लड प्रेशर जांच , सैमफोर्ड हॉस्पिटल , श्रेष्ठा नेत्र चिकित्सालय ने अपनी सेवा प्रदान की। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संतोष सोनी , विष्णु सोनी ,अश्विनी, थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो एवं सारे पदाधिकारी, , डॉ आशीष भगत, डॉ अनीता ग्लोरिया एक्का, टेक्नीशियन आशुतोष मिश्रा, नीलू, प्रियंका, आशुतोष कुमार, गलोरिया ,राहुल, शायमा इत्यादि का सहयोग रहा। इसकी जानकारी अश्विनी ने दी है।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

# 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस एवं फरवरी 2022 में वार्षिक कार्यक्रम करने का निर्णय

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की बैठक में सीडीएस को दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः बरही**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की बैठक पेंशनर कार्यालय में शुक्रवार को हुई । बैठक की अध्यक्षता ब्रजकिशोर शर्मा एवं संचालन रा. जेंद्र प्रसाद रुखरियार तथा तोखन प्रजापति ने किया । बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का आयोजन कर पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं फरवरी 2022 में वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में राजेंद्र प्रसाद रुखरियार ने बताया शिक्षकों का पुनरीक्षित पेंशन का फ़ाइल जिला शिक्षा अधीक्षक के पास लंबित है। जिसके कारण कई पेंशनरों को पुनरिक्षित पेंशन नही मिल पा रहा है। निर्णय लिया गया कि डीएसई की उदासीनता को देखते हुए वकालतन नोटिस भेजा जाएगा। इधर सीडीएस विपिन रावत सहित 11 फौजियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सभी को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर परमेश्वर प्रसाद, बीके शर्मा, तोखन प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद रुख़रीयार, बजरंग शर्मा, नारायण पंडित, राधानाथ भगत, अनुज कुमार सिंह, अब्दुल सत्तार अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, सहदेव सिंह, अर्जुन प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, हरिहर प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, भगवान प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।



बैठक में शामिल पेंशनर समाज

# देश के सच्चे सपूत थे जनरल विपिन रावत : प्राचार्य ए के सिंह

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**

शुक्रवार को देश के प्रथम सीडीएस विपिन रावत के आकस्मिक निधन पर डीएवी पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह एवं बरही सद्भावना मंच के राज सिंह चौहान की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखा और इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विपिन लक्ष्मण सिंह रावत देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ थे। इससे पहले भी थल सेना में विभिन्न सर्वोच्च पदो पर अपनी भूमिका निभाई थी ।इनके कुशल निर्देशन में सेना ने दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की। कश्मीर में ऑपरेशन ऑल आउट, पाकिस्तान, म्यांमार के सर्जिकल स्ट्राइक तथा सेना के विभिन्न प्रकार के योगदान में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। तमिलनाडु के कन्नूर इलाके में हेलीकॉप्टर के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने के कारण इनका आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें भी इनके जीवन से सीख लेते हुए देश और समाज की सेवा की शपथ लेनी चाहिए। हमारा जीवन भी इनकी तरह देश की लिए पूरी तरह समर्पित होना चाहिए। इस अवसर पर लल्लन यादव, रेखा सिंह, गुड़िया मिश्रा, सुशील सिंह, मिथलेश कुमार, प्रदीप गोराई ,उमेश कुमार राणा, शिव पूजन कुमार, शशांक कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार , राजेश कुमार सिंह आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही ।




श्रद्धांजलि सभा मे शोक व्यक्त करते बच्चे

# निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

## घटिया सामाग्री लगाने पर होगी कार्रवाई – उपायुक्त

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में युक्त सामाग्री की जांच की। मौके पर उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर निर्माण कार्य में गुणवता का ध्यान नहीं रखा गया तो संवेदक के साथ-साथ अभियन्ताओं पर कार. 'वाई की जाएगी। मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचला. धिकारी राम रतन बरनवाल आदि मौजूद थे।



निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त आदित्य रंजन

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---11.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---अष्टमी तिथि
दिन :---शनिवार
नक्षत्र :---पू.भा. नक्षत्र
योग :---वज्र
करण :---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिन :---09:00 बजे से दिन :---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से शनिजन पीड़ा से राहत मिलता है।

(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पिछड़ी जाति आरक्षण को लेकर आंसू ने प्रखंड मुख्यालय में उपवास धरना प्रदर्शन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



सभा को संबोधित करते रोशन लाल चौधरी

5 सूत्रीय मांग को लेकर आजसू पार्टी के अनुषंगी इकाई पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वाधान प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय सामाजिक न्याय एवं उपवास कर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के समक्ष किया गया । जिसकी अध्यक्षता ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव एवं संच. ालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया ।मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार अपने वादों से मुकर रही है चुनावी घोषणा पत्र में की गई वादे को एक भी धरातल पर नहीं ला सकी है। पिछड़ी जाति की 27ः मांग को लेकर आजसू नि. रंतर आंदोलन करती रहेगी शीघ्र मांग पूरी नहीं होती है तो दिल्ली की किसान आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन झारखंड में आजसू पार्टी करेगी। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी स्थानीय ला. ेगों पर भी ध्यान दें लोगों को रोजगार दे अन्यथा आजसू पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य हा. ेगी ।आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा एवं प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस में कहा कि आजसू पार्टी आंदोलनकारी पार्टी है जनता की हर मुद्दे को आवाज पार्टी उठाती है। प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के समय में जो घोषणा की थी उन घोषणाओं पर आज खरा नहीं उतर रही है। पारा शिक्षक , सहिया, सेविका समेत अन्य मुद्दों पर जो उन्होंने वादा किया था अब तक वादा नहीं पूरा कर रही है ।मौके पर प्रखंड सचिव मनोज दांगी, तुलेश्वर राम, कामेश्वर महतो नागेश्वर तुरी अर्जुन चौधरी, कुलेश्वर महतो, प्रदीप राम, सुनील कुमार, सुरेश गिरी, राजेश महतो जलेश्वर महतो रा. जदेव महतो, चितरंजन, का. र्तिक महतो, महेंद्र महतो, सफीक अंसारी, विनोद राम, रवि राम, वीरेंद्र यादव, ब्रजकिशोर जायसवाल, दिनेश कुमार, सुरेश राम टिकेश्वर महतों, दिलीप कुमार, प्रकाश महतो लखन कुमार गोपाल महतो फिरोज खान ब्रजकिशोर जयसवाल विनोद महतो सागर महतो अर्जुन कुमार आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम के बाद आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

## टाटीझरिया में विपिन रावत समेत अन्य शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



शोक श्रद्धांजलि करते लोग

भारतीय सेना के पहले सीडीएस विपिन रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत अन्य 11 सैन्य अधिकारियों की तमिलनाडु के कुन्नूर में नीलगिरी पर्वत की पहाड़ियों में हैलीक०प्टर क्रैश होने की घटना में शहीद होने पर टाटीझरिया में शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवियों द्वारा शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रावत के काम को याद करते हुए लोगों ने इसे संपूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि रावत ने अपने साहसिक एवं उत्कृष्ट कार्यो से मान बढ़ाया और यही कारण है कि सेना में उन्हें देश की सुरक्षा का विशेष भार सौंपकर उनके कार्यो को मान-सम्मान दिया गया। इस दौरान टाटीझरिया मुख्य चौक में मोमबत्ती जलाकर, दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सुरेश यादव, कैलाश. पति सिंह, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मिथिलेश पाठक, राजू यादव, सोनू पांडेय, रामबिलास शर्मा, लालमोहन महतो, उपेंद्र पांडेय, हितेंद्र पटेल, कृष्णा साव, संतोष मंडल, अशोक यादव, अजय सिंह, सनोज अगेरिया, हुलास महतो, झुनझुन गुप्ता, रंजीत यादव, कौलेश्वर मिश्रा, विजय पांडेय, छोटन साव, रजनीकांत चौधरी, शंकर राम, संजीत यादव, अधीर. चंद्र तिवारी, मुनु पाठक, गोपाल सिन्हा, बालेश्वर महतो, द्वारिका महतो, जितेंद्र मंडल, शंकर प्रसाद, बजरंग साव, गंगाधर मिश्रा, दिगंबर सिंह समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर सामूहिक उपवास

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



बीडीओ को स्मार पत्र सौंपते पिछड़ा वर्ग महासभा के कार्यकर्ता

अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा द्वारा शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष सामाजिक न्याय सभा सह उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने की। सामाजिक न्याय सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणा पत्र में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। दो साल बीतने के बा. वजूद सरकार चुनावी वादे से पिछड़ रही है। आज तक पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। कहा कि अगर पिछड़ों को सरकार को तयशुदा आरक्षण नहीं देती है तो पूरे राज्य में जोरदार आंदोलन होगा। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल के नाम बीडीओ के माध्यम से मांगों के बाबत स्मार पत्र सौंपा गया। मौके पर लीलो महतो, रूपेन्द्र महतो, दीपू अकेला, अशोक कुमार, गौतम वर्मा, हेमंत आर्या, सुधीर कुमार, लूटन महतो, प्रकाश कुमार, धानेश्वर महतो, उमेश मेहता, दिनेश साव, बाबू खान, विक्रम मंडल, अशोक राम, राजू वर्मा, राजेश साव, राजकुमार सिंह, बिनोद राम, टिंकू कसेरा, घनश्याम महतो, संतोष महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

### मनुष्य को जन्म के साथ मिलने वाला प्रत्येक अधिकार मानवाधिकार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता निदेशक संजीव भट्टाचार्जी ने की। जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में मानवाधिकार के मुद्दे पर कई तरह की चर्चा परिचर्चा की गई। निदेशक ने लोगों को संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान का अधिकार हीं मानव अधिकार हैं। मानव प्रजाति में जन्म लेने के साथ मिलने वाला प्रत्येक अधिकार मानवाधिकार की श्रेणी में आता है। इसे संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों से बढ़कर माना जा सकता है। इसके हनन पर कानूनी दंड प्रक्रिया का भी विधान है। कहा कि आज समाज में महिला एवं बच्चों को भी कई तरह के विशेष अधिकार मिले हुए हैं। इन विशेषाधिकारों को भी मानवाधिकार से अलग हटकर नहीं देखा जा सकता। कार्यशाला में महिला व पुरुष प्रतिभागियों के बीच मानवाधिकार से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर प्रतिक्रिया ली गई। जिसमें कई तरह के नए विचार आए। जिसे संस्था अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सराहा और उनका मनोबल बढ़ाया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो ने किया। कार्यशाला के आयोजन में रश्मिलता, नीतु कुमारी, प्रभा कुमारी, राहुल शीतल, जगदीश शर्मा समेत कई महिलाओं का अहम योगदान रहा। मौके पर रीना बर्मन, पिंकी चौरसिया, सुनील अकेला, विरेन्द्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट पर पोटंगा का कब्जा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव हाई स्कूल खेल मैदान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल टूर्नामेंट का फाइनल मुक. ाबला पोटंगा बनाम सीकरी के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच 20 - 20 मिनट का मैच खेला गया। दोनों टीम संघर्ष करते हुए एक भी गोल नहीं कर पाई। मैच को निर्णायक अवस्था में पहुंचाने के लिए प्लेंटी सूट का सहारा लिया गया। प्लेंटी सूट में पोटंगा की टीम 3 -1 से बढ़त बनाते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। बता दें कि इस मैच में कुल 23 पंचायत से 23 टीमों ने भाग लिया था जिसमें 6 टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, इन छह टीमों में 3 सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। सेमी फाइनल मैच गरसुल्ला बनाम पोटंगा और पोटंगा बनाम गरसुल्ला के बीच खेला गया। पोटंगा और सीकरी की टीम ने गरसुल्ला को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल टूर्नामेंट में रोशन सोरेन ने बेहतर गोल. कीपिंग करते हुए मैन अ०फ द मैच पर कब्जा जमाया। वहीं मैच की क०मेंट्री पत्रकार रितेश ठाकुर ने की जबकि मैच को सफल बनाने में रैफरी के रूप में श्रीकांत निराला, विरेंद्र कुमार दास, अनिल दास एवं अमित शर्मा ने अहम योगदान दिया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जीप अध्यक्ष सुशीला देवी ने कहा कि मैं प्रखंड के खिलाड़ियों को जिला और स्टेट लेवल में खेलते हुए देखना चाहती हूं। हमारा बड़कागांव कोयला एवं सब्जी उत्पादन में अव्वल है, इसलिए मैं प्रखंड के खिलाड़ियों को खेल में भी अव्वल देखना चाहती हूं। बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि आगे बड़कागांव प्रखंड के खिलाड़ियों को जिला एवं प्रमंडल स्तर पर ले जाने के लिए मैं अपना अथक प्रयास करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से जीप अध्यक्ष सुशीला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, बीईईओ घनश्याम साहू, जिला परिषद सदस्य टिकेश्वर प्रसाद, उपप्रमुख राम प्रसाद महतो, कृष्णा सिंह, नापो मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका साव,चरका करमाली,सहेश कुमार एवं मोहम्मद खुर्शीद के अलावा सैकड़ों दर्शक एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## किसान महासभा के कैंप में किसानों ने जमा कराए रजिस्ट्रेशन फॉर्म

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**




रजिस्ट्रेशन कैंप में लोग

बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से लगाए गए एक दिवसीय रजिस्ट्रेशन कैंप में 100 से भी ज्यादा किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु फ०र्म जमा कराए। कैंप की अगुवाई किसान महासभा के बेंगाबाद प्रखंड संयोजक सुखदेव गोस्वामी तथा रामलाल मंडल ने की। किसान महासभा की ओर से बेंगाबाद के संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारियों से तत्काल सभी किसानों का रजिस्ट्रेशन कार्य संपन्न कराने की मांग की है, ताकि किसान पैक्सों में उचित कीमत पर अपना धान बेच सकें। कैंप के समापन पर किसान नेताओं ने आह्वान किया कि, इस कैंप के बाद भी इच्छुक किसान संगठन के कार्यालय (माले कार्यालय) में संपर्क कर किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराने हेतु सहयोग ले सकते हैं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## देश ने एक महान सपूत को खो दिया : निर्भय शाहबादी

**अपेम लाइव़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में बुधवार को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर क्रैश में चीफ अ०फ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधु. लिका रावत और 11 अन्य लोगों की मौत हो गई। आपको बता दें की सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को मौत हो गई । इस बाबत



**निर्भय शाहाबादी**

भाजपा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी ने सीडीएस बिपिन रावत और हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के रूप में जनरल रावत ने भारतीय सेना में परिवर्तन के एक ऐतिहासिक दौर का नेतृत्व किया। श्री शाहबादी ने बिपिन रावत को कोटि–कोटि नमन करते हुए बताया कि पूरा देश सदैव आपका ऋणी रहेगा।

## लेखक बिपिन कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को भेट की अपनी पुस्तक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

प्रखण्ड के युवा लेखक बिपिन कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय ,राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार नीरज को अपने द्वारा लिखी गई पुस्तक प०लिटिकल साइंसरूस्कैनर भेंट की ।प्रोफेसर ने लेखक



**पुस्तक भेंट करते**

को धन्यवाद देते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी ।विदित हो कि बिपिन कुमार राजनीति विज्ञान विषय से नेट,पीजीटी, टीजीटी इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी के लिए पॉ. लिटिकल साइंसरूस्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना की हैं ।पुस्तक फ्लिपकार्ट ,अमेजन व किंडल में उपलब्ध हैं।।




## सिविल सर्जन को भाकपा माले ने लिखा पत्र, गरीबों को फंसाने वाले हॉस्पिटल पर हो करवाई

**अपेम लाइव़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**







गुरुवार को माले पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव तथा गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के दुंदो निवासी एक आदिवासी महिला मरीज के साथ हुई घटना को लेकर गिरिडीह के सिविल सर्जन को एक पत्र लिखकर गरीबों को फांसने वाले प्रा. इवेट ह०स्पिटल के दलालों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है। बताया गया कि विगत 17 नवंबर को इलाज के लिए सदर अस्पताल (गिरिडीह) आने के बाद दलालों ने उसे बरगला कर एक प्राइवेट क्लीनिक गोविंदपुर (धनबाद) के सितारा हा.स्पिटल पहुंचा दिया गया जहां उस गरीब परिवार से अ०परेशन तथा इलाज के नाम पर ढाई लाख रुपए का बिल बना दिया गया, जिसका भुगतान करने में वे असमर्थ थे फिर भी घर–जायदाद संपत्ति आदि बेचकर अथवा बंधक रखकर उन लोगों ने किसी तरह डेढ़ लाख खर्च कर दिया है लेकिन शेष पैसे के भुगतान के लिए मरीज को अस्पताल ने रोक लिया था ।मामले का संज्ञान मिलते ही माले की टीम ने कल मरीज के गांव जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए उसे छुड़ाने की मांग तथा पहल की। मामला उलझता देख आज गोविंदपुर के सितारा अस्पताल ने बिना बकाया भुगतान लिए मरीज को उसके परिजनों को सौंप दिया और वे अपने घर पहुंच गए। पार्टी ने बताया कि इस तरह के करीब आधा दर्जन मामलों में पार्टी की पहल पर गरीबों को प्राइवेट अस्पताल के चंगुल से छुड़ाया गया है। माले ने. ताओं ने पत्र में सदर अस्पताल तथा चौताडीह के मातृत्व अस्पताल में विचरण करने वाले दलालों को चिन्हित कर उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की मांग की है। माले नेताओं ने पत्र की प्रति सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, बगोदर के माले विधायक विनोद सिंह तथा गिरिडीह के उपायुक्त को भी प्रेषित की है।

## चंदौल पंचायत में 180 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड के चंदौल पंचायत की मुखिया बिदिया देवी एवं वार्ड सदस्य कृष्णा रविदास के द्वारा गरीब, वृद्ध, एवं विधवा लोगों के बीच 180 कंबल का वितरण किया गया ।उन्होंने झारखंड की महागठबंधन सरकार की योजना कार्य को सराहा और कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगो के बीच जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल का वितरण करवाना सरकार की अच्छी पहल है। ठंड के मौसम में कंबल मिलने से लोग काफी खुश हैं। मौंके



**कंबल का वितरण करते**

पर मुखिया प्रतिनिधि रामचन्द्र गझू, वार्ड सदस्य कृष्णा राम, बाबूलाल प्रजा. पति, नसिर हुसैन, गौतम कुमार, पंकज कुमार, जगदीश प्रजापति , मोहन गोप के अलावे दर्जनो महिला–पुरुष आदि उप. स्थित थे।

## बड़कागांव में नो एंट्री का हो रहा है घोर उल्लंघन प्रशासन मुकदर्शक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

प्रशासन द्वारा विगत कई वर्षो से भारी वाहन परिच. ालन को लेकर नो एंट्री का समय निर्धारण की गई है। जिसमें भारी वाहनों का नो एंट्री का समय सुबह 6रू00 बजे से लेकर रात्रि 9रू00 बजे तक निर्धारित है ।परंतु कई भारी वाहन को नो एंट्री नियम का घोर उल्लंघन करते हुए देखा जा रहा है। इतना ही नहीं 3 वर्ष पूर्व डीसी रवी शंकर शुक्ला के निर्देश पर कोयला उठाव के लिए आम्रपाली जाने वाली वाहनों से लोगों की हो रही मौत कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण रूप से आवागमन पर प्रतिबंधित कर दिया गया था ।परंतु अब पिछले कई दिनों से रात्रि में चोरी छुपे भारी वाहनों को कोयला लोड करके बड़कागांव मुख्य चौक से आवागमन करते देखा जा रहा है ।बताया जाता है कि हादसा उस वक्त टल गई जब गुरुवार की देर शाम



**बड़कागांव में सड़क जाम का दृश्य**

अपनी स्कूटी में सवार स्थानीय पत्रकार विकास कुमार रंजन एवं युवा कांग्रेस नेता रोहित सिंह अपने घर जाने के दौरान राजेश श्रीवास्तव तिलकुट दुकान के पास तेजी से आ रही एक भारी वाहन की चपेट में आने से बाल–बाल बच गए। विकास रंजन ने इसकी शिकायत डीएसपी अमित कुमार सिंह से की। त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर चार भारी वाहनों को पकड़कर कार्रवाई के लिए थाना ले गई। बताते चलें कि कई भारी वाहन चौक चौराहे पर प्रवेश कर जा रहा है। जिसके कारण सड़क जाम हो जा रही है। वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है ।जिसके कारण ग्रामीणों को घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रबुद्ध ग्रामीणों ने प्रशासन से भारी वाहनों से नियम का पालन करवाने की मांग की है ताकि जानमाल की क्षति नहीं हो ।मांग करने वालों में सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, कांग्रेसी नेता पंकज गुप्ता, भाजपा नेता पूनम साहू, मनजीत सोनी, संजय खंडेलवाल, जितेंद्र विश्वकर्मा, पप्पू गुप्ता, विशाल ठाकुर, अंगेश राणा, प्रहलाद गुप्ता, विक्की जायसवाल, गौतम विश्वकर्मा, आदि लोग मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के गादी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालविकाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार का यह पूर्व घोसित कार्यक्रम है जिसको धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी मिली है जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा सीओ अशोक राम पशुपालन पदा. धिकारी डo नीरज कुमार सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंग. नवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया रामकिशोर राय पँचायत सेवक रोजगार सेवक जेई समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## आजीविका ग्राम संगठन कार्यालय का हुआ उदघाटन, वितरण किया रजिस्टर

**अपेम लाइव : बरही**




बरही प्रखंड अंतर्गत रानी. चुंवा पंचायत के चलंगा गांव में जेएसएलपीएस के द्वारा आजीविका ग्राम संगठन कार्यालय का उदघाटन एवं रजिस्टर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् सदस्य प्रति. निधि मो कयूम, भाजपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस की संजू देवी, रंजना देवी, आयशा खातून, संगीता देवी, ममता देव, संगीता देवी, रीता देवी, मो सलामत आयुष कुमार, बा. लेसर यादव आदि उपस्थित रहे।

## सहदेव राम की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गई

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



चुरचू प्रखंड के छोटका हेंदेगढा निवासी स्व. स्वर्गीय सहदेव राम का पुण्य तिथि मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग के अधिवक्ता एवं झारखण्ड मुलनिवासी संघ का सचिव पंकज कुमार एवं जिलास्. तरीय बामसेफ के संतोष मेहता ,प्रीति गुप्ता, भीम आर्मी के रामगढ़ जिला स्तरीय पदाधिकारी विजय नायक जी एवं अमित कुमार हीरा लाल राम व जिला परिषद के प्रतिनिधि सह अ०ल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन आदि मौजूद थे। सभी ने स्व सहदेव राम के जीवनी पर अपनी बातों को रखे कहा कि सहदेव राम अपने जीवन काल में बहुत ही सामाजिक विचारधारा के व्यक्ति थे एवं हेंदेगढ़ा रविदास समाज के आवाज थे। समाज के उत. थान के लिए बड़े बड़े सामाजिक कार्य किए एवं हेंदेगढा के समाज को बाबा साहेब के रास्तों पर चलते हुए रविदास समाज एकजुटता रखने में अहम भुमिका निभाते थे। कार्यक्रम में स्व सहदेव राम के तस्वीर पर फुल माला से श्रधांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हेंदेगढ़ा के अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष राजकुमार दास, मुनेश कुमार ,मुराली राम,जगदीश राम , रामेश्वर राम, जगदेव राम, रंजित राम ,बलवंत कुमार, राजेश कुमार ,आदित्य महेश राम ,मो शिला देवी ,रिंकी कुमारी ,संतोष दास ,छोटन राम ,सुदामा दास, अनिल राम ,कुलेश्वर रविदास, दिलीप कुमार, सरस्वती कुमारी, कोशिल्या देवी, मुकेश कुमार, शशि सहित अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विधायक ने किया विकास योजना का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनिल कुमार**



योजना का शिलान्यास करते विधायक अमित कुमार यादव

बरकट्ठाःविधायक अमित कुमार यादव एवं जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रखंड के तुईयो पंचायत अंतर्गत अजीज मियां के घर से धीरेंद्र प्रसाद के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया। वंही गंगपाचो पंचायत क्षेत्र में श्मशान घाट निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उक्त योजना 15वीं वित्त आयोग की राशि से जिला परिषद विभाग से करवाई जा रही है। मौके पर बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ,धर्मेंद्र प्रसाद,सुरेंद्र साव, लीलाधारी प्रसाद,राजेश कुमार,फलजीत राणा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## परिवार समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं सखी मंडल की दीदियां : अमित यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड के तुर्कबाद में आजीविका महिला मंडल समूह का वहां के बहनों के द्वारा सखी सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने सम्मेलन का उद्घाटन किया मौके पर जीप सदस्य कुमकुम देवी व कांग्रेस नेता डॉ० प्रकाश चौधरी भी शामिल थे अपने सम्बोधन में विधायक अमित यादव ने कहा महिला स्वयं सहायता समूहों व सखी मंडलों की दीदियां अपने परिवार, समाज व राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं देश हित में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच अच्छी सोच का सृजन करने की दिशा में रीढ़ की हड्डी साबित हो रही है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, डॉ0 प्रकाश चौधरी,भा. जपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, सुरेंद्र साव,दुर्गा प्रसाद चौधरी,सिकन्दर चौधरी सरजू प्रसाद, इंदरदेव यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुई

## चलकुशा मैं प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अपेम लाइव : चलकुशा**

**विक्रम सिंह**



विधायक अमित कुमार यादव

चलकुशाः प्रखंड के ग्राम चटकरी मैं स्वर्गीय गांगो महतो फुटबॉल स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सलैयडीह एवं खरगू पंचायत के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया एवं विधायक ने फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच सलैयडीह वर्सेस खरगू के बीच खेला गया जिसमें खरगू 1-0 से विजय रहा। विजेता टीम को प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उप. विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रति. निधि दिनेश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, उपप्रमुख दुर्गा यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर दास, प्रधान सुभाष ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव ,वीरेंद्र यादव, दिनेश पांडे ,पंचायत समिति प्रतिनिधि अजीत चरण सिंह, महबूब अंसारी, राम प्रसाद यादव, आलोक सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन में उमड़ी भीड़

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड के बेंगो. कला पंचायत सचिवालय में किया गया। को लेकर आज प्रखंड में चौथा कार्यक्रम था।कार्यक्रम में कुल 18 विभाग के स्ट०ल लगाया गया था, ज०ब कार्ड,आधार कार्ड,श्रम कार्ड,राशनकार्ड,कृषि विभाग, बृढा पेंशन,भूमि सुधार,आंग. नबाड.ी,पशुपालन विभाग,समेत कुल 18 विभाग के स्ट०ल में जरूरत मन्दो द्वारा आवेदन दिया गया सभी विभागों में पर्याप्त आवेदन में से अधि. कतर का अ०न द स्प०ट नि. स्पादन किया गया,साथ बचे आवेदनों को जिला को अग्रसित किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ,प्रखंड विकाश पदाधिक. ारी हुलास महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया, सभी विभाग का अलग -अलग संबंधित समस्या का संबंधित विभाग से निदान किया गया। बिभिन्न विभागों में , जन वितरण प्रणाली, मन. रेगा, कृषि, पशुपालन एवम गव्य विभाग, रेसचे, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, में लोगो को सभी समस्याओं को जैसे पेंसन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा ज०ब कार्ड, ाबब लोन, कम्बल वितरण, नए राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, भू सुधार, दाखिल खारिज, कोरोना वैक्सीनेशन, बैंकिंग लेनदेन, कृषि ऋण माफी, श्रमिक कार्ड, नया ज०ब कार्ड , आधार कार्ड में सुधार एवम नया आधार कार्ड बनवाना, पेयजल से संबंधित चापाकल मरोमती, नए मतदाता का सूची से जोड़ना, कल्याण विभाग, इत्यादि समस्यों को तुरंत समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुलास महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन कुमार सिंह प्रमुख, जिला परिषद प्रतिनिधि अरुण सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह भावी जिला परिषद उमीदवार रामेश्वर यादव, रउउ प्रखंड अध्यक्ष सुरेश साव,बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, मनरेगा कनीय अभियंता शिवकुमार दास, 15वी वित्त अभियंता प्रकाश कुमार, एवम नितेश कुमार, बैंगोकला मुखिया, और सेकड़ो पंचायत वासी शामिल हुवे।

## राज विद्या केंद्र की ओर से पड़रिया में मनाई गई प्रेम रावत की जयंती प्रेमियों ने सुनी उनका प्रवचन

### सतगुरू प्रेम रावत जी ने दुनिया को सिखया शांति एवं विश्व बंधुत्व का पाठ मो कय्यूम

**अपेम लाइव : बरही**




प्रेम रावत जी की जयंती मानते राज विद्या केंद्र के लोग

मलकोको पंचायत के पड़रिया में राज विद्या केंद्र पड़रिया इकाई की ओर से शांति दूत सद्गुरु प्रेम रावत जी की 64 वीं जन्मदिवस उनके अनुयाइयों के द्वारा मनाई गई। इस कार्यक्रम में जीप प्रतिनिधि मो कयूम मुख्य रुप से शामिल हुए। सद्गुरु प्रेमरावत जी के द्वारा संचालित राज विद्या केंद्र से जुड़े श्रद्धालुओं ने सद्गुरु की जन्म दिन पर उनके द्वारा बताएं गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि सद्गुरु प्रेम रवत जी ने देश ही नही बल्कि पूरे विश्व मे शांति एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दे रहे हैं। इन्होंने दुनिया को जीवन जीने की कला सिखाया। प्रेम रावत जी हमेशा अपने प्रवचन में कहा करते है कि मनुष्य को हमेशा अपने सुकर्म पर ध्यान देना चाहिए। लोभ लालच,क्रोध को हटाकर मनुष्य को हमेशा दयावान, सामाजिक सोच बनानी चाहिए। मौके पर उनके प्रवचन को ऑनलाइन भी सुना गया। उसके बाद सभी ने प्रेम रवात जी की दीर्घायु की कामना की । जन्म दिवस के अवसर पर सभी से गुरु जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो0 कैयूम खगेन्द्र प्रसाद ,तिरलोकी प्रसाद, अरविंद प्रसाद, मुकेश प्रसाद , बा. बूचंद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, लाली प्रसाद, बलराम प्रसाद, राजु प्रसाद, पीताम्बर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

## हमारे पूर्वज महापुरुषों ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया त्रिवेणी साहू

### आरएसएस की ओर से समरसता गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही समरसता गोष्ठी में शामिल वरिष्ठ नागरिक

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की खण्ड संपर्क विभाग की ओर से बारा टांड के अम्बेडकर भवन परिसर में वरिष्ट नागरिकों के बीच समरसता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर उत्तर पूर्व सहक्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू ने महापुरुष महर्षि बाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास, संत रविदास,नारायण गुरु,भग. वान बिरसा मुण्डा एवं डां भीमराव अंबेडकर की हिन्दू समाज के प्रति योगदान का विशेष रुप से उल्लेख किया। कहा कि इन महापुरुषों ने हिन्दू समाज को एकजुट रखने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिए। इन्होंने हिंदुओ में सामाजिक समरसता लाने का काफी प्रयास किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर सामाजिक समानता का अधिकार देने का काम किया। संविधान के माध्यम से आम जन मानस को कई मौलिक अधिकार दिए। जिसके वजह से आज सभी लोगों को समान अधिकार मिल पाया है। कार्यक्रम के अंत मे सीडीएस जनरल विपिन रावत सहित अन्य सेना के अधिकारी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। धन्यवाद ज्ञापन राम पदार्थ शर्मा ने किया। मौके महेंद्र प्रसाद दुबे, कृष्णा प्रसाद केशरी, साधुशरण दास, देवधारी प्रजापति, कृष्ण मोहन दास, राम प्रसाद राम, आरपी शर्मा, सरजू प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## लीनचिनग बिल के ड्राफ्ट से ही अल्पसंख्यकों के भला नही होगा हेमंत सरकार विधानसभा से पारित कर कानून बनाए तो भला होगा नायक

**अपेम लाइव : रॉंची**



विजय शंकर नायक

द झारखंड प्रिवेंशन ऑफ लिंचिंग बिल 2021 का ड्राफ्ट तैयार करने से ही अल्पसंख्यकों का भला नहीं होने वाला है हेमंत सरकार तुरंत आने वाले विधानसभा सत्र में इस बिल को लाकर विधानसभा से पारित कर कानून बनाए तो ही अल्पसंख्यकों का भला हो सकेगा। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अ ध्य क्षा - स ह - ह टि या विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं। इन्होंने यह भी कहा कि देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में हो रहे अल्पसंख्यकों को लिंचिंग के नाम पर हत्या अत्याचार जैसे विषय को गंभीरता पूर्वक समझा और इन वर्गो की संवैधानिक रूप से रक्षा , सुरक्षा हेतु द झारखंड प्रिवेंशन ऑफ लिंचिंग बिल 20 21 का ड्राफ्ट गंभीरता पूर्वक तैयार कराया है यह काफी महत्वपूर्ण विषय है इस सराहनीय कार्य के लिए झारखंडी सूचना अधिकार मंच उन्हें तहे दिल से बधाई देता है और उनसे यह भी अनुरोध करता है कि इस बिल को तुरंत विधानसभा के पटल पर लाकर ध्वनि मतों से पारित कराकर कानून बनाने की दिशा में महाम. हिम राज्यपाल के पास भे. जने का कार्य कर इसे सख्ती से लागू कराने की दिशा में ठीक पहल करने का कार्य करें ताकि अब झारखंड में लिंचिंग के नाम पर कोई अल्पसंख्यकों की हत्या और अमानवीय अत्याचार ना कर सके। श्री नायक ने आगे कहा कि भा. जपा की पूर्ववर्ती सरकार में राज्य में लिंचिंग के नाम पर अल्पसंख्यकों के ऊपर काफी जुल्म अत्याचार एवं हत्याएं की गई थी और भाजपा ने हत्यारों को माला पहनाकर महिमामंडित करने का काम कर उन हत्यारों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया था। इस लिंचिंग बिल के आने से अल्पसंख्यक समाज की संवैधानिक रूप से उनके हितों की रक्षा उनके जान माल की सुरक्षा को अब संवैधानिक गारंटी मिल पाएगी और इन वर्गो के ऊपर जुल्म अत्याचार हत्या जैसी घटनाओं पर रोक लग सकेगी इस लिंचिंग कानून के आ जाने से वैसे अल्पसंख्यक विरोधियों लिंि. चंग समर्थकों पर विराम लग सकेगा तथा इन वर्गो पर जुल्म करने से पहले वे लोग हजार बार सोचने को विवश होंगे और अल्पसंख्यक समाज को न्याय मिल सकेगा

APEM
LIVE